Year	Number of Raids Conducted	Materials Recovered	Number of Persons Arrested
1991-92	4	Barking deer (1) Tiger skins (1) Fresh water turtles(12)	4
1992-93	3	Parakeets (35)	5
1993-94	8	Leopard carcass (1) Rhino horns (2) Pythons skins (1)	12

Proper valuation of the recovered items cannot be made as their trade is prohibited.

Prior Ecological Survey for River Valley Project

2450. DR. NAUNIHAL SINGH: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that no ecological survey of the area is done before a river valley project is launched to find out as to what would be the effect to the drainage system or to flora and fauna of that area;

(b) in how many river valley projects such as ecological survey has been carried out; and

(c) whether Government would ensure that such a survey is conducted and its findings are carried out invariably so as to give a boost to rural development?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) No, Sir,

(b) and (c) The project authorities are required to carry out various studies and surveys for preparation of environmental management plans for river valley projects. The surveys among others include ecological aspects which cover flora, fauna, wildlife and drainage pattern etc. The implemention of management plans by project proponents would ensure sustainable development of project impact area including rural sector.

पूर्वोत्तर क्षेत्र के वन-क्षेत्र में वन कटाई

2451. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पूर्वोत्तर क्षेत्र के वन-क्षेत्र में वनों की तेजी से कटाई हुई है;

(ख) यदि हां, तो इस कटाई के लिए कौन-कौन से कारण जिम्मेदार हैं; और

(ग) उस क्षेत्र में वन-क्षेत्र को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाये गए हैं/उठाये जाने का विचार है?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा प्रकाशित वन स्थिति रिपोर्ट, 1993 के भू-उपग्रह प्रतिबिंबिकी की दृश्य व्याख्या पर आधारित 1989—91 की अवधि से संबंधित देश के वन आवरण के चौथे मूल्यांकन में बताया गया है कि उक्त अवधि के दौरान उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में वन आवरण में 635 वर्ग कि०मी० की कमी आई है।

(ख) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में वनों के क्षय का कारण मूलतः बड़ी मात्रा में झूम खेती है। अन्य घटकों में उग्रवाद से जुड़ी समस्याएं, वन भूमि पर अवैध कब्जे, वृक्षों की अवैध कटाई, अंतः राज्य सीमा विवाद, जिला परिषद क्षेत्रों में टिम्बर व्यापार शामिल हैं।

(ग) संबंधित राज्य सरकारों को सलाह दी गई है कि वे झूम खेती की बहाली के लिए स्कीमें बनायें और उन्हें लागू करे तथा सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करके और आरा मिलों के नियंत्रण के जरिए अवैध वृक्ष कटाई और अवैध कब्जों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने शुरू करें, निजी भूमियों में वृक्ष कटाई को विनियमित करने के लिए कानून बनाएं, जिला परिषदीय वनों का वैज्ञानिक प्रबंध करें, इमारती लकड़ी और अन्य वनोपज को राज्यों से बाहर ले जाने पर प्रतिबंध लगाएं आदि।